भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2557

20 दिसंबर, 2021 को उत्तर के लिए

आईआईएससीओ इस्पात संयंत्र हेतु सिलिका की आपूर्ति

2557. श्री दीपक प्रकाश:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने अजय कैमिकल इंडस्ट्री, बोकारो द्वारा आईआईएससीओ (इस्को) इस्पात संयंत्र, बर्नपुर को आपूर्ति की गई 'सिलिका' में गुणवत्ता संबंधी त्रुटियाँ पाई हैं; और

(ख) यदि हाँ, तो सरकार की इस संबंध में क्या प्रतिक्रिया है और इस संबंध में क्या कदम उठाए जा रहे हैं/उठाए गए हैं?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)**

(क) और (ख): मैसर्स अजय केमिकल इंडस्ट्रीज, बोकारो ने इस्को इस्पात संयंत्र (आईएसपी), बर्नपुर को दिनांक 27.01.2021 के खरीद आदेश (पीओ) सं. 7100000036 पर 'वेल फिलर मिक्स' की आपूर्ति की। केन्द्रीय काँच और सिरामिक अनुसंधान संस्थान की जाँच रिपोर्ट के अनुसार, मैसर्स अजय केमिकल इंडस्ट्रीज, बोकारो द्वारा आपूर्ति की गई सामग्री में कमियाँ पाई गईं। तद्नुसार, आईएसपी, बर्नपुर ने दिनांक 04.12.2021 से एक वर्ष के लिए मैसर्स अजय केमिकल इंडस्ट्रीज, बोकारो के साथ व्यावसायिक लेन-देन पर प्रतिबंध लगा दिया है।

****